हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–152 : जौनपुर, गुरुवार 04 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने देश के पहले तंबाकू कंट्रोल सेंटर का किया उद्घाटन : बोले– उपचार से ज्यादा महत्वपूर्ण बचाव

गोरखपुर ऐजंसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिर्फ डिग्री हासिल कर लेने से चिकित्सक का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता। डिग्री हासिल करने के बाद आगे विशाल संभावनाओं वाला क्षेत्र है जहां चिकित्सक समाज हित में बहुत कुछ नया कर सकते हैं।सीएम योगी गुरुवार सुबह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर में नवनिर्मित ऑडिटोरियम व नेशनल सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च इन टोबैको कंट्रोल का उद्घाटन करने के बाद यहां तंबाकू नियंत्रण विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर मरीज डॉक्टर के लिए रिसर्च का भी विषय होता है। एक डॉक्टर यदि एक वर्ष ओपीडी में मरीजों को देखता है, मरीजों को सलाह देता है तो इसके जरिये उसे एक नया व व्यावहारिक पब्लिकेशन प्राप्त हो जाता है।मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में कुछ न कुछ नया करने का भी प्रयास करें। इनोवेशन और रिसर्च ही योग्यता का आधार है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 दी है।40 साल में इंसेफेलाइटिस पर एक भी रिसर्च पेपर नहीं सीएम योगी ने इस दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए लंबे समय तक अभिशाप बनी रही इंसेफेलाइटिस का जिक्र करते हुए कहा कि 1977–78 में आई इस बीमारी से 40 साल में 50 हजार बच्चों की मौत हो गई। पर, 40 साल में इस पर एक भी रिसर्च पेपर देखने को नहीं मिला। हद तो इस बात की भी रही कि जापान से इंसेफेलाइटिस के लिए वैक्सीन 1906 में बना लिया था लेकिन भारत में यह उपलब्ध हुई सौ साल बाद 2006 में। जबकि कोरोना काल में महज नौ माह में पीएम मोदी के मार्गदर्शन में देश में दो–दो स्वदेशी वैक्सीन तैयार हो गईं। यही नहीं देश मे कोरोना वैक्सीन की दो सौ करोड़ डोज दी जा चुकी हैं।चार साल में इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण सीएम योगी ने कहा कि 2017 में जब वह मुख्यमंत्री बने तो उनके सामने इंसेफेलाइटिस को नियंत्रित करने की चुनौती थी।

इसके पहले जब वह सांसद थे तो सदन में मुद्दे उठाते थे, सड़कों पर आंदोलन करते थे। उन्होंने कहा कि इंसेफेलाइटिस पर जारी संघर्ष के कारण ही पीएम मोदी ने गोरखपुर को एम्स दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सीएससी–पीएचसी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं तो सुदृढ़ की ही गईं, सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को नोडल बनाकर 9 विभागों



को एक साथ जोड़ा। स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, जागरूकता के माध्यम से बचाव पक्ष को भी इलाज जितना ही महत्वपूर्ण माना। समन्वित प्रयासों का परिणाम है कि चार साल में ही इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतों में 95 फीसद तक कमी आ चुकी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण प्राप्त कर लिया गया है। दो साल कोरोना से प्रभावित नहीं होते तो इंसेफेलाइटिस का पूर्ण उन्मूलन कर लिया गया होता। तंबाकू के खतरों से बचाव में डॉक्टरों की बड़ी भूमिकासीएम योगी ने कहा कि मेडिकल साइंस ने बहुत प्रगति की है। फिर भी उपचार से महत्वपूर्ण पक्ष बचाव का होता है। तंबाकू के सेवन व धूम्रपान से होने वाले नुकसान को सभी जानते हैं। धूम्रपान का हानिकारक असर संगत वालों को भी होता है। तंबाकू के उत्पादों पर उसके खतरों के बारे में लिखित व चित्रित उल्लेख होने के बावजूद लोग इनका सेवन कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि तंबाकू के खतरों से बचाव में डॉक्टरों की बड़ी भूमिका हो सकती है। चिकित्सक उनके यहां आने वाले हर मरीज को इसके प्रति जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी मरीज आपके पास आए तो उसे तंबाकू से बचने के लिए प्रेरित करिए। सीएम योगी ने कहा कि तंबाकू किसी प्रकार का हो, खतरनाक होता है। इसके नियंत्रण को लेकर एम्स ने जो अभियान शुरू किया है, उसमें राज्य सरकार अपना पूरा सहयोग देगी। यूपी के सरकारी कार्यालयों में तंबाकू पर पूर्ण प्रतिबंध ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में किसी भी तरह के तंबाकू के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया है। कोई इसका उल्लंघन करेगा तो दंड का भागी होगा। उन्होंने पांच वर्ष पूर्व सचिवालय भ्रमण का वाकया बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद जब वह पहली बार सचिवालय का जायजा लेने निकले थे तो वहां जगह–जगह गुटका–पान खाकर थूका हुआ मिला। तभी उन्होंने यह फैसला किया था कि सरकारी कार्यालयों में तंबाकू सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाएगा। इस अवसर पर एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो सुरेखा किशोर, प्रो अशोक प्रसाद, प्रो बीएस गर्ग, वंदना शाह, डॉ ओमप्रकाश बेरा आदि मौजूद रहे।

## व्यावसायिक शिक्षकों को पांच माह से वेतन नहीं नहीं मिलने से हो रही काफी परेशानी

हरदोइ ब्यूरो अम्बरीश सक्सेना : इण्टर कालेजों के व्यवसायिक विषय विशेषज्ञों को पिछले पांच माह से मानदेयध वेतन न मिलने से उनके परिवार घोर परेशानियों का सामना कर रहे हैं।राजकीय और सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक और प्रधानाचार्य को हर माह पगार न मिले तो वे धरना–प्रदर्शन से लेकर हर हथकंडे अपनाने को तैयार रहते हैं। वहीं यही प्रधानाचार्य अपने विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के अध्यापकों को नियमित रूप से मानदेय का भुगतान नहीं करा रहे। इन शिक्षकों को पिछले पांच माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। यह हाल तब है जब विद्यालयों को बिल बनाकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में भेजना है और वहां से मानदेय की रकम सीधे उनके बैंक खातों में भेज दी जाती है। प्रधानाचार्यों के इस रवैये पर माध्यमिक व्यवसायिक शिक्षक संगठन ने भी नाराजगी जताई है।इन व्यवसायिक शिक्षकों के लिए बजट निर्धारित है। विद्यालयों के बाबू प्रधानाचार्य से प्रमाणित बिल नियमित रूप से भेजे तो उसे स्वीकृत कर मानदेय की रकम उनके बैंक खातों में भेज दिया जाए। अब ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है कि प्रधानाचार्य अपने, नियमित शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मियों के वेतन बिल के साथ व्यावसायिक शिक्षकों के मानदेय का भी बिल भेजे। परंतु अभी तक यह योजना कार्यरूप में परिणित नहीं हो सकी है।जिला विद्यालय निरीक्षक वी के दुबे के निर्देश बाद भी कालेजों के प्रधानाचार्य समय से मानदेय का मांग पत्र अगले माह की 05 तारीख तक नहीं भिजवाते।जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय हरदोई के लिपिक उमेश कुमार भी व्यवसायिक शिक्षकों के मानदेय मांगपत्र समय से भेजने के लिए दूरभाष पर संपर्क करते रहते हैं।परंतु प्रधानाचार्यों के मनमाने रवैए के चलते समय मांग पत्र नहीं भेजे जाते।व्यवसायिक शिक्षकों का आग्रह है कि जिला विद्यालय निरीक्षक हरदोई इस प्रकरण पर विचार उचित कार्यवाही करें।फिलहाल 05 माह से मानदेय न मिलने से व्यवसायिक शिक्षक घोर परेशानियों का सामना कर रहे हैं।जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ग्रांट न मिलने की वजह से मार्च 2022 से मानदेय नहीं भेजा जा सका।अब ग्रांट आ गई है।कालेजों से व्यवसायिक शिक्षकों के मांग पत्र मिलते ही मार्च से जुलाई तक का भुगतान कर दिया जायेगा।

## हो रहे औचक निरीक्षण से ग्राम प्रधानों में मची खलबली

रिपोर्ट अजय सिंह सीतापुर : परसेंडी सीतापुर विकासखंड परसेंडी में जब से सुश्री काजल खंड विकास अधिकारी बनकर आई हैं तभी से विकासखंड कार्यालय के साथ–साथ ग्राम पंचायतों की व्यवस्था में भी बदलाव शुरू हो गया है श्री काजल के कड़े प्रशासन के चलते कार्यालय खंड विकास अधिकारी की व्यवस्था में पूरा बदलाव आ गया है भ्रष्टाचार का तो खात्मा हुआ ही है साथ ही में जो अव्यवस्था बनी हुई चल रही थी पूरी तरह से समाप्त हो चुकी है सुश्री काजल ग्राम पंचायतों का लगातार औचक निरीक्षण करके विकास कार्यों का जायजा ले रही हैं जिस कारण प्रधानों की मनमानी नहीं चल पा रही है जिससे अधिकांश ग्राम प्रधान सुश्री काजल के कार्यों से दुखी हैं और अपने अपने विकास कार्य बंद कर रखे हैं जो कराना नहीं चाहते हैं उनका मानना है कि यदि विकास कार्य में कहीं गड़बड़ी होती है तो उन्हें उसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है क्योंकि कमीशन खोरी भ्रष्टाचार पूरी तरह से समाप्त हो चुकी है वीडियो



सुश्री काजल शत प्रतिशत सरकारी धन को विकास कार्य में लगाना चाहती हैं उनका कहना है कि न कमीशन लिया जाएगा ना भ्रष्टाचार करने दूंगी सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से होना चाहिए गौशाला एवं सरोवर तालाब व विद्यालय पर उनका मुख्य फोकस बना हुआ है

## 15 अगस्त 2022को जनपद में धूमधाम से मनाए जाने के सम्बंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 15 अगस्त 2022 को धूमधाम से मनाए जाने के सम्बंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 14 व 15 अगस्त 2022 को समस्त शहीद स्मारक व शहीद स्तम्भ पर साफ–सफाई एवं माल्यार्पण का कार्यक्रम कराया जाय, जिसका संचालन समस्त उप जिला मजिस्ट्रेटध्खण्ड विकास अधिकारीध्प्रभारी निरीक्षकध थानाध्यक्षध्अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत जौनपुर करेंगे। 14, 15 व 16 अगस्त 2022 को रात्रि में समस्त सरकारी कार्यालयोंध्भवनों व शाही पुल व अन्य महत्वपूर्ण स्मारकों को प्रकाशमान कराने का कार्यक्रम किया जाय जिसका संचालन समस्त कार्यालयाध्यक्ष अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषदध नगर पंचायत जौनपुर करेंगे। सभी सरकारीध्अर्द्धसरकारीध्गैर सरकारी कार्यालयों में 15 अगस्त 2022 (स्वतंत्रता दिवस) को ध्वजारोहण के समय उनके जनपद स्तरीय कार्यालयाध्यक्ष द्वारा समस्त अधिकारीध्कर्मचारीगण की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाएगी व किसी भी अधिकारीध कर्मचारी को अवकाश देय नही होगा। प्रातः 7.00 बजे से 8.00 बजे तक प्रभात फेरी करायी जाए, इसका संचालन जिला विद्यालय निरीक्षकध्बेसिक शिक्षा अधिकारीध्अधिशासी अधिकारी नगर पालिक परिषद, जौनपुर द्वारा कराया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी चिकित्सा से सम्बन्धित तथा क्षेत्राधिकारी नगर यातायात व सुरक्षा से सम्बन्धित समस्त आवश्यक व्यवस्थाध्कार्यवाही ससमय सुनिशचित करायेगे। प्रातः 8.00 बजे जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी आदि समस्त सरकारीध्अर्द्धसरकारी गैर सरकारी कार्यालयोध्भवनों पर ध्वजारोहण एवं प्रतिज्ञा का स्मरण प्रत्येक ग्राम सभा एवं विकास खण्ड मुख्यालय पर भी ध्वजारोहण एवं उसके उपरान्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को माल्यार्पणध सम्मान तथा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जायेगा, जिसका संचालन समस्त कार्यालयाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त प्रमुख एवं ग्राम प्रधान, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, जिला उद्यान अधिकारी जौनपुर द्वारा कराया जायेगा। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी डा0 भीमराव अम्बेडकर सरदार बल्लभ भाई पटेल विकास भवन के सामने स्थित शहीद स्मारक एवं अन्य



महापुरूषों की मूर्तियों पर मार्ल्यापण किया जायेगा जिसका संचालन नगर मजिस्ट्रेटध्अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद जौनपुर करेगें। प्रातः 6.30 बजे से क्रास कन्ट्री रेस कुत्तूपुर तिराहे से प्रारम्भ होकर स्टेडियम तक करायी जायेगी, जिसका आयोजनध्संचालन जिला क्रीडा अधिकारी जौनपुर द्वारा किया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी सचल दल एम्बुलेंस आदि से सम्बन्धित व्यवस्था क्षेत्राधिकारी नगर सड़क यातायात एवं सुरक्षा से सम्बन्धित समस्त व्यवस्था तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जौनपुर द्वारा पेयजलध्टैंकर आदि की पर्याप्त व्यवस्थाध्प्रबन्ध कराया जाना सुनिश्चित करायेगें। प्रातः 10.00 बजे समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण, तदोपरान्त खेल–कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह कार्यक्रम जिला विद्यालय निरीक्षकध्बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर के देख–रेख एवं निर्देशन में सम्पन्न कराये जायेगे एवं समस्त खण्ड अधिकारी अपने–अपने विकास खण्ड के ग्राम पंचायतों के साफ–सफाई आदि कराया जाना सुनिश्चित करायेगें। प्रातः 11.00 बजे से मलिन बस्ती मतापुर में स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसका संचालन मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं परियोजना अधिकारी (डूडा) जौनपुर करेगें तथा पूर्व से ही सभी मलिन बस्तियों व अन्य समस्त सार्वजनिक स्थानों पर पूर्णरूप से साफ–सफाई व चूने आदि का छिड़काव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत जौनपुर द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। सायं 6.00 बजे टाउन हाल, नगर पालिका परिषद, जौनपुर में जनसभा का आयोजन किया जायेगा जिसमें स्वतंत्रता आन्दोलन की स्मृति से सम्बन्धित व्याख्यान होगें। इस कार्यक्रम की व्यवस्थाध संचालन अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषदधजिला विद्यालय निरीक्षक, जौनपुर करेगें। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सम्बन्ध में विचार विमर्श।

## अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीईओ धर्मापुर अरविंद यादव ने परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापको व शिक्षक संकुल के साथ हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक की। बैठक में बीईओ ने प्रत्येक शिक्षकों को चार– चार झंडे लगवाने का निर्देश दिया।बता दें कि गुरुवार को ब्लॉक सभागार के शहीद हाल में बीईओ धर्मापुर अरविंद यादव ने परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापको व शिक्षक संकुलों के साथ बैठक किया। बैठक को संबोधित करते हुए बीईओ अरविंद यादव ने कहा कि 11 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालयों के प्रत्येक शिक्षक चार– चार झंडे अपने–अपने ग्राम पंचायत में लगाएंगे। बीईओ ने विभागीय समीक्षा करते हुए आधार सत्यापन, निपुण भारत का लक्ष्य प्राप्ति करने के संदर्भ में एक– एक कर के चर्चा किया। बैठक में एआरपी अखिलेश चंद यादव, उमेश मिश्र, महेंद्र यादव, अश्वनी राय, संगीता राय, सुधीर दत्त तिवारी, मुन्ना लाल यादव, शिव प्रकाश मिश्र, हवलदार, विक्रम प्रकाश यादव, कृष्ण मोहन पांडेय व पंधारी यादव उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

**–संपादक**

## गोस्वामी तुलसी दास : एक व्यक्तित्व

**जीवन चर्या वैराग्य पूर्ण थी,जन मंगल प्रति सत्य काम।**
**हो गया सरस सब का जीवन तुमसे हे कवि!,तुम को प्रणाम।।**

मित्रों गोस्वामी तुलसीदास जी के व्यक्तिगत जीवन में पारिवारिक आनन्द नहीं मिल सका। अवतरित होते ही कुछ ऐसी असहज घटनाएं घटित हुयीं, जिनके कारण उन्हें वह पारिवारिक स्नेह और संरक्षण नहीं मिल सका जो सामान्यतः एक नवजात को मिलता है। सोचें कितना कठिन जीवन जिया होगा उस नवजात ने जिसकी प्रथम अभिव्यक्ति के रूप में रुदन के स्थान पर राम राम का उच्चारण उच्चरित हुआ हो और जिस नवजात शिशु की दंतावलि को देख कर और उसके मुखार्विन्द से राम–राम की सुमधुर ध्वनि सुनकर माता–पिता ने दिव्य अवतरण के स्थान पर राक्षस समझ कर उसे घर बाहर फेंक दिया हो। उस अकल्पनीय कठिन जीवन को भी जी कर उन्होंने एक मौन संदेश तो दे ही दिया था कि,जीवन जीने के लिए ही होता है, जीवन की कठिनाइयों से त्रस्त होकर पलायन करना कोई विकल्प नहीं है। युवावस्था में पत्नी से भी वह प्यार नहीं मिल सका जिसके, चलते जीवन,आनन्दमय होता। इन सब के उपरान्त भी वह जीवित रहे, क्योंकि वह जीवन के महत्त्व को समझते थे। हां, उनकी साधना का विषय परहित अवश्य हो गया था। स्व के स्थान पर उनके मन–मन्दिर में लोक ने स्थान बनाया और उनका चिन्तन लोककल्याणकारी हो गया। लोककल्याणकारी भावनाओं से अभिभूत दिव्य सन्त के मन–मन्दिर में लोककल्याण हेतु जीवन अर्पित करने वाले महानायक का वास सहज रूप से ही होता है, ऐसे में धराके अप्रतिम महानायक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का अवतरण उनके हृदय में भी होना स्वाभाविक था, अत एव हुआ भी। फिर क्या था, घर में भले ही वह आनन्दमय स्थितियों में न रह सके हों, पर घर के महत्त्व को अच्छी तरह से वह अवश्य ही समझ गये थे। यही कारण है कि उनके चिन्तन में घर फूंक कर तमाशा देखने के स्थान पर, घर बनाने के भाव ने जन्म लिया और अपनी मङ्गमयी सोच को ही मूर्त रूप देने लिए श्रीरामचरितमानस की रचना की। जब व्यक्ति के सोच में घर बनाने की सोच शामिल हो जाती है, तब उसकी सोच में जो मङ्गल भाव होता है,वह जनमङ्गल के रूपमें समष्टि में व्याप्त हो जाता है। यही स्थिति थी,जिसके कारण श्रीरामचरितमानस ने आज तक आम–भारतीयों में मङ्गलकारी अमर कृति के रूप में अपने सम्मान को बनाये रखा है, क्योंकि ऐसा समझा जाता है कि घर में इस कृति की उपस्थिति मात्र से मङ्गमयीस्थितियों का स्वतःसहज–वास होता है।गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीराम को परमात्मा के रूपमें देखने और समझने का प्रयास किया है जबकि महर्षि वाल्मीकि जी ने श्रीराम को एक असाधारण मानव के रूपमें ही चित्रित किया है, पर दोनों ही महाकवियों ने श्रीराम के उस जीवन को ही उतारने का प्रयास किया है जिसे, श्रीराम ने जिया है। श्रीराम के रूप में परमसत्ता के अवतरण का उद्देश्य ही था कि लोगों को जीवन यापन की सर्वोत्तम विधि से परिचय कराया जाय, न कि लोगों को मुक्ति प्रदान की जाय। मुक्ति की कामनाओं में डूबे व्यक्ति या साधक के लिए तो जीवन काटने के लिए ही होता है, भले ही उसका जीवन– आचरण कितना ही आकर्षक और अनुकरणीय क्यों न लगे, इसके विपरीत जिन्हें जीवन से प्रेम होता है, वे तो जीवन जीते हैं, जीवन का हर क्षण उनके लिए उत्सव का क्षण होता है, आनन्द देने वाला होता है। श्रीराम ने जीवन को जिया था, उनके जीवन का हर क्षण अमूल्य था, जीवन को संयमित करने वाले विधि–निषेध परक धर्म अमूल्य था, धर्म–पथ पर न चलने वाले लोग उनके शत्रु भी थे। इस कारण वह शत्रुञ्जय भी थे, यही शत्रुञ्जय महर्षि वाल्मीकि जी के श्रीराम थे तो यही शत्रुञ्जय महाकवि तुलसीदास जी के भी श्रीसीताराम थे। वह मुमुक्षु नहीं थे, मुमुक्षु तो शत्रु–मित्र से ऊपर की सोच वाला होता है। अत एव यही कहना और समझना उचित है कि न तो श्रीराम मुमुक्षु थे, न उनकी धारणा थी कि लोग मुमुक्षु हों और श्रीरामचरित को काव्यात्मक रूपमें प्रस्तुत करने वाले महर्षि वाल्मीकि तथा महकवि गोस्वामी तुलसीदास जी भी मुमुक्षु नहीं थे न ही उनका मन्तव्य था कि लोग मुमुक्षु हों। वस्तुतः श्रीराम अ मोक्ष–साधना के अप्रतिम महानायकों में एक थे और इनके जीवन चरित्र को काव्यात्मक रूप में प्रस्तुत करने वाले सभी कविगण भी अ मोक्ष–साधना के ही साधक थे फिर चाहे महर्षि वाल्मीकि जी रहे हों या गोस्वामी तुलसीदास जी। ऐसे दिव्य सन्त को स्मरण करती गोस्वामी तुलसीदास एक व्यक्तित्व की 13वीं पक्ति के माध्यम से शुभमय प्रभात की प्रत्याशा में



**– शिवशंकर द्विवेदी**
संयुक्त सचिव
से.नि.उत्तर प्रदेश शासन
लखनऊ
**द्वारा**
गोस्वामी तुलसीदास जी की जयन्ती पर **विशेष प्रस्तुति /विचार**

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
**कर्मयोगी वो हैं जो साधनों का कमन पुष्प सम बनकर प्रयोग करते हैं–**
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## सौर ऊर्जा कैसे बने ज्यादा टिकाऊ, 'सर्कुलर इकनॉमी' को प्रोत्साहित करना नीतिगत जरूरत

सौर ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में भारत के प्रयासों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने अगले आठ वर्षों में सौर ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता को मौजूदा 57 गीगावाट से बढ़ाकर लगभग 280 गीगावाट करने की योजना बनाई है। सरकार ने पॉलीसिलिकॉन, इनगॉट्स, वेफर्स, सोलर फोटोवोल्टिक (पीवी) सेल्स और मॉड्यूल जैसे विभिन्न कल–पुर्जों का घरेलू विनिर्माण बढ़ाने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना शुरू की है।

इसके लिए चालू वित्त वर्ष में 19 हजार 500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया गया है। इन उपायों से भारत को ऊर्जा और रोजगार के क्षेत्र में अपनी बढ़ती जरूरतें पूरी करने में मदद मिलने की उम्मीद है। लेकिन इनके साथ कई तरह की पर्यावरणीय चुनौतियां भी सामने आने वाली हैं। इसलिए सौर ऊर्जा क्षेत्र में 'सर्कुलर इकनॉमी' को प्रोत्साहित करना नीतिगत जरूरत बन चुकी है। सर्कुलर इकनॉमी में संसाधनों के जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल, कचरों के सुरक्षित निपटान और प्राकृतिक व्यवस्था को पुनर्जीवित करने पर ध्यान दिया जाता है।

इससे उत्पाद के पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को सीमित करने में मदद मिलती है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट ऐंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) का एक अध्ययन बताता है कि उद्योग पहले से ही उतना कचरा उत्पादित कर रहे हैं, जितना आने वाले दशकों में पैदा होने का अनुमान था। सोलर सेल और मॉड्यूल के निर्माण में भी काफी कचरा पैदा होता है। इसके अलावा, सोलर मॉड्यूल की ढुलाई, परियोजना निर्माण और संचालन के दौरान भी कचरा पैदा होता है।

सामान्यतः सौर ऊर्जा परियोजनाओं में लगने वाले सोलर मॉड्यूल की उपयोगी जीवन अवधि 25 साल होती है। इसके बाद उनसे बिजली उत्पादन घट जाता है, जिसके बाद उन्हें बदलना जरूरी हो जाता है। इस चरण में कचरे की मात्रा में भी बढ़ोतरी होने का अनुमान है। सौर मॉड्यूल में कैडमियम, टेल्यूरियम और सीसा जैसे जहरीले रसायन इस्तेमाल होते हैं। इनके उचित निस्तारण पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। लैंडफिलिंग साइट्स के जरिये सौर क्षेत्र से जुड़े कचरे का गैर–जिम्मेदार प्रबंधन और निपटान पर्यावरण पर विपरीत असर डाल सकता है।

हानिकारक रसायनों का कोई भी रिसाव हमारे भोजन व जलापूर्ति को दूषित कर सकता है। इतना ही नहीं, आवश्यक कच्चे माल की बढ़ती मांग से जुड़ी चुनौतियां भी समय के साथ सामने आएंगी। ऐसी स्थिति में, सर्कुलर इकनॉमी को अपनाकर इन चुनौतियों से पार पाया जा सकता है। इसके लिए उद्योगों को '3 आर' (रिड्यूस, री–यूज और रीसाइकल) को अपनाने में तेजी दिखानी चाहिए। निर्माण कार्य में 'रिड्यूस' (कटौती) सिद्धांत को अपनाते हुए सौर ऊर्जा उद्योग के हानिकारक पदार्थों को उनकी सुरक्षित सीमा में रखते हुए टिकाऊ सोलर सेल्स और मॉड्यूल्स बनाने के बारे में ध्यान देना चाहिए।

इसके अलावा, डिजाइन बनाने के स्तर पर रीसाइकलिंग की सरलता का भी ध्यान रखा जाना चाहिए, जिससे कचरा प्रबंधन में कम से कम ऊर्जा का इस्तेमाल हो। 'री–यूज' (पुनः उपयोग) को बढ़ावा देते हुए, उद्योगों को क्षतिग्रस्त मॉड्यूल की मरम्मत को प्रोत्साहित करना चाहिए और उन्हें दोबारा इस्तेमाल करने के लिए नवाचार करने चाहिए, जो उन्हें बहुत जल्द बेकार होने या कचरे में बदलने से रोकते हैं। सर्कुलर इकनॉमी की इन खूबियों को ध्यान में रखकर, भारत ने सौर उद्योग में इसे प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने नीति आयोग की मदद से सौर उद्योग में सर्कुलर इकनॉमी को अपनाने के लिए एक समिति का गठन किया है। हमारी सरकारों को सौर कचरा प्रबंधन, रीसाइकलिंग तकनीक के लिए वित्तीय सहायता देने, और टिकाऊ उत्पादों के लिए शोध एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए स्पष्ट दिशा–निर्देश देने चाहिए। मजबूत रीसाइकलिंग इकोसिस्टम के बगैर भारत का स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने का प्रयास अधूरा रहेगा और जलवायु परिवर्तन रोकने का कदम भी अपर्याप्त होगा। (–लेखिका सीईईडब्ल्यू में प्रोग्राम एसोसिएट हैं।)

ये लेखक के अपने विचार है।

## टाइफाइड में अपनाएं प्राकृतिक चिकित्सा : नेचुरोपैथी एवं डाइटिशियन डॉक्टर एम एच सिद्दीकी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। फरमान नेचरोपैथी क्लिनिक एवं योगा सेंटर के नेचुरोपैथी एवं डाइटिशियन डॉक्टर एम एच सिद्दीकी ने भेंटवार्ता में बताया कि टाइफाइड एक जीवाणु सालमोनेला टायफोजा के जरिए होने वाला संक्रामक रोग है। पीने के पानी या मिल्क के अंतः पदार्थो से संदूषित होने से टाइफाइड एक निश्चित समय तक चलने वाला बुखार है। इसका समय 3 सप्ताह और कभी कभी 1 महीने के लगभग होता है। इसमें बुखार काफी ज्यादा जैसे 104 से 105 फेरन हाइट तक देखा जाता है।टाइफाइड में छोटी आंत सूख जाती है। और उनमें जलन होती हैं। आंतों में छिद्र हो जाते हैं।और उसमे से ब्लड निकलने लगता है। टाइफाइड में ऊतकों की टूट फूट ज्यादा होती है।जिसके कारण प्रोटीन की बहुत ज्यादा कमी हो जाती है। इसलिए मरीज को 100ग्राम से भी ज्यादा प्रोटीन मिलनी चाहिए।और बॉडी में जल, सोडियम , पोटेशियम, और क्लोराइड की कमी तेजी से होती है।टाइफाइड के मरीज को लगभग 3500 कैलोरी की जरूरत होती है।आंतों में जलन और सूजन के कारण फाइवर वाले पदार्थ आहार में कतई सामिल न करे।ये खाए मूंग और मसूर की दाल का सूप ,सूजी की खीर, फलों का जूस , सब्जियों का सूप , भुना हुआ आलू, पीसे चावल की खीर , साबुदान की पतली खीर , मौसमी का जूस, अनन्नास का जूस ,इत्यादि

## पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य' भारत सरकार दिल्ली से मिलकर करेंगे जांच की करेंगी मांग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने गोण्डा जंक्शन के अन्तर्गत डीजल शेड में व्याप्त भ्रष्टाचार, तानाशाही एवं हो रहे घोटालों के परिप्रेक्ष्य में अध्यक्ष रेलवे बोर्ड से दिल्ली रेल भवन में 8 अगस्त को मिलकर जिम्मेदारों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने एवं अर्जित की गई सम्पत्ति को नीलाम कराने का आग्रह करेंगे। जेड0आर0यू0सी0सी0 मेम्बर एवं भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने पूर्वोत्तर रेलवे के गोण्डा जंक्शन में स्थित डीजल शेड में रेलवे इंजन की नीलामी के दौरान डीजल की बिक्री तथा चोर बाजारी रोके जाने, जेनरेटर की कम दामों में बिक्री तथा अधिक मूल्यों पर खरीद एवम नीलामी, डीजल शेड में कबाड़ की बिक्री एवम नीलामी में घपले की जांच कराने, डीजल शेड के अन्तर्गत इंजन समेत विभिन्न कार्यों हेतु प्रयोग होने वाले पार्ट्स के सामानों की खरीद एवं बिक्री में हुए घोटाले तथा गुणवत्ता विहीन सस्ते पार्टों की सप्लाई की जांच कराने,



डीजल शेड गोण्डा के अन्दर आने–जाने वाली भारी गाड़ियों के माल वजन करते समय दो –चार पहिया धर्मकाटे पर तथा दो –चार पहिया धर्मकांटे से बाहर रखकर वजन कराने में भी की जा रही घटतौली पर रोक लगाने, डीजल शेड में व्याप्त भ्रष्टाचार, तानाशाही, घोटालों, घटतौली तथा रेल सुरक्षा एवं रेल यात्रियों के जानमाल के साथ खिलवाड़ करने वालों तथा रेलवे को निरन्तर राजस्व की हानि पहुँचाने वालों डीजल शेड से सम्बन्धित भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं तथाकथित ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए गलत तरीके से अर्जित की गई सम्पत्ति की नीलामी कराते हुए दोषियों के विरूद्ध अध्यक्ष रेलवे बोर्ड भारत सरकार दिल्ली से 8 अगस्त को मिलकर मुकदमा दर्ज कराने का भी अनुरोध किया जाएगा।

## पचास हजार की 15 हुयी भेड़ चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुर निवासी रामसूरत पाल के घर से बुधवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने 15 भेड़ उठा ले गये जिसकी कीमत पचास हजार बताई जा रही है।रामसूरत पाल के मुताबिक घर के पास ही नब्बे भेड़ बांध दिये थे सुबह उठे तो उसमे से 15 भेड़ गायब मिले।भेड़ो की कीमत पचास हजार के आस पास बताई गई है भुक्तभोगी रामसूरत पाल ने पुलिस को फोन करके घटना की जानकारी दी पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इसी रात कोदहूं में अमरनाथ हरिजन के मकान का ताला तोड़कर घर में रखा बर्तन, गैस सिलेंडर नगदी भी लेकर चोर लेकर चंपत हो गए।चोर छत के रास्ते घर मे घुसे थे और घर के सारे कमरों को खगांल डाला।परिजनों को घटना की जानकारी सुबह हुई।भुक्तभोगी ने चोरी की तहरीर थाने दे दी है।इस बाबत थानाध्यक्ष सदानंद राय का कहना है कि तहरीर मिली है आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती दर्जनों लोग गिर रहे हैं रोड पर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशूतोष चौधरी : बखजनी गोरखपुर खजनी तहसील अंतर्गत ढेबरा से हाटा की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। इस सड़क पर चलना कितना मुश्किल है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बाइक से मात्र 8 किलोमीटर का सफर तय करने में एक घंटे का वक्त लग जाता है। यही हाल नटनी से खजनी जाने वाली सड़क का भी है । इस सड़क पर भी चलना जोखिम भरा हुआ है । यह स्थिति तब है जब क्षेत्र के स्थानीय विधायक प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्रीहै। गड्ढामुक्त सड़कों के तमाम सरकारी दावों के बावजूद क्षेत्र की सड़कों के हालत में सुधार नहीं हैं । गड्ढे में तब्दील हो चुकी इन सड़कों पर राहगीरों का चलना मुश्किल है। आए दिन बाइक सवार और साइकिल सवार गड्ढे की वजह से गिरकर घायल हो जा रहे हैं। ढेबरा से हाटा सड़क पर हर दस मीटर की दूरी पर सड़क टूटकर गड्ढे की शक्ल ले चुकी है । लाखून बुजुर्ग रघुपुर, बारी पुर नारायणपुर के पास इस सड़क की स्थिति काफी दयनीय है। यही हाल भैसा बाजार से भटियारी जाने वाली सड़क का भी है । सड़कों पर जगह जगह गड्ढे बन गए हैं । जिसमें भरा पानी राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। बारिश से सड़कों के किनारे जमा पानी टूटी हुई सड़क के उपर से बह रहा है । स्थानीय विधायक श्रीराम चौहान के प्रदेश सरकार में पूर्व राज्यमंत्री होने से बावजूद क्षेत्र की सड़कों पर किसी का ध्यान नहीं है। इंसर्ट राहगीरों के लिए जोखिम भरा है इस सड़क से सफर सड़कों पर बने गड्ढों की वजह से इस रास्ते से सफर करना जोखिम भरा हुआ है। स्थानीय जन प्रतिनिधियों को इस पर ध्यान देना चाहिए । जिससे



लोगों को इस परेशानी से निजात मिल सके। ––विनोद सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, गड्ढामुक्त सड़क का सरकारी दावा फेल गड्ढामुक्त सड़क के सरकारी दावे फेल हैं । अब तो इन सड़कों पर चलने से डर लगने लगा है । इस सड़क से होकर जाने वाले परिवार के सदस्य जब तक वापस नहीं आ जाते चिंता लगी रहती है , अशोक दुबेइंसेट– राम दरस दास सड़क निर्माण में मानको का ध्यान नहीं विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से सड़कें मानक के अनुरूप नहीं बन पाती । जिससे हल्की सी बारिश और वाहनो की आवाजाही से सड़कों की गिट्टी उखड़ जाती है। इंसेट– विकास कार्य केवल कागजों पर सरकार के विकास के वादे कागजों तक ही सीमित हैं । जमीनी सच्चाई आकड़ों के बिल्कुल विपरीत हैं। ऐसे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता लोगों पर भारी पड़ रही है। – राजू गुप्ता, अधिशाषी अभियंता निर्माण खंड रोहित सिंह ने बताया हर नहीं से रकौली वाली सड़क हमने चौड़ीकरण के लिए भेजा है अभी पी डब्लू डी विभाग में पैसे नहीं हैं जैसे पैसे आते हैं सड़क कार कार तेजी से किया जाएगा।

## दुकान का ताला तोड़ 15 हजार का सामान उठा ले गये चोर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन चौराहे के बगल पट्टीनरेंद्रपुर मार्ग पर संचालित एक स्टूडियो की दुकान का बुधवार की रात ताला तोड़ चोर लगभग 15 हजार रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान उठा ले गए। घटना की जानकारी दूसरे दिन सुबह होने पर पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। कैराडीह गाँव निवासी बिजय नारायण यादव की उक्त दुकान से चोर लैपटॉप, कैमरा और चार हार्डिक्स उठा ले गए।

## बाल्टी में गिरने से हुई बच्ची की मौत

सुलतानपुर बयूरो आलोक श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र के हेमनापुर गांव में बुधिराम निषाद की पुत्री शिवांशी उम्र डेढ़ साल सुबह लगभग नौ बजे घर में खेलते खेलते बाल्टी के पास पहुंची जिसमें पानी भरा था अचानक बाल्टी में मुंह के बल गिर गई दम घुटने से उसकी मौत हो गई। परिजन जब घर के अंदर पहुंचे तो देखा कि शिवांशी बाल्टी में गिरी है । शिवांशी को बाहर निकाले और आनन–फानन में लेकर वलीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रट सभागार में अधिकारियों को किया झंडा वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रट सभागार में अधिकारियों को झंडा वितरित कर की। जिलाधिकारी ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा झंडा लगाया जा रहा है जिसके क्रम में जनपद में कुल 8.30 लाख झंडे लगाए जाएंगे। उन्होंने ने जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर, पंचायत भवनों सहित सार्वजनिक भवनों पर झंडा लगाया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालय अध्यक्षों को निर्देशित किया कि उनके कार्यालयों पर झंडा लगाया जाए, चौराहों को तिरंगा लाइट से सजाया जाए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित करने का कार्य किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट आयुष चौधरी, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर0डी0 यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, सहित कलेक्ट्रेट बार के पदाधिकारी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत 05 अगस्त से विकास खण्डो में कृषि निवेश मेला का किया जायेगा आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि खरीफ फसलो के उत्पादन में वृद्धि एवं किसानो की आमदनी बढ़ाने के लिये कृषि विभाग द्वारा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत 05 अगस्त 2022 से जनपद के समस्त 21 विकासखण्डो में कृषि निवेश मेलाध्गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।गोष्ठी में कृषि विभाग के अधिकारियो एवं कृषि वैज्ञानिको द्वारा किसानो का कम लागत में अधिक उत्पादन वाली तकनीकियो से प्रशिक्षित किया जायेगा। गोष्ठी में स्थानीय जनप्रतिनिधियो को भी आमंत्रित किया जायेगा। विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठियो में 05 अगस्त को विकास खण्ड परिसर डोभी एवं केराकत में, 08 अगस्त को मुफ्तीगंज और धर्मापुर में, 10 अगस्त को करंजाकला और खुटहन में, 11 अगस्त को शाहगंज और सुईथाकला में, 16 अगस्त को बदलापुर और महराजगंज में, 19 अगस्त को जलालपुर और सिरकोनी में, 22 अगस्त को बक्सा एवं सिकरारा में, 23 अगस्त को मछलीशहर एवं सुजानगंज में 24 अगस्त को मड़ियाहूँ और रामनगर में, 25 अगस्त को बरसठी और रामपुर में तथा 26 अगस्त को मुंगराबादशाहपुर के विकास खण्ड परिसर में पर्यवेक्षकी अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा। उन्होंने कृषको से अपील किया है कि कृषि निवेश मेले/गोष्ठी में प्रतिभाग कर लाभ उठाये।

## निपुण भारत के लक्ष्यों को समय से प्राप्त करे बच्चे–––बी ई ओ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर बी आर सी पर प्रधानध्यापको की एक बैठक गुरुवार को आयोजित हुई जिसमें बोलते हुए खंड शिक्षा अधिकारी बसंत शुक्ला ने बताया कि निपुण भारत के लक्ष्य को क्लास एक से तीन तक सभी बच्चे समय से प्राप्त कर ले इसमें सभी अध्यापको की महती भूमिका होगी।11 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम में,प्रभात फेरी,भाषण निबंध प्रतियोगिता,खोलकूद प्रतियोगिता,एवं योगाभ्यास,बालिका शिक्षा व सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा की जाएगी।बैठक में ए आर पी ,शिवाकांत तिवारी,डॉ संतोष तिवारी,डॉ राजेश यादव,अमला प्रसाद यादव,प्रधानाध्यापक पारस नाथ पाठक,भानु प्रकाश शुक्ला, राजकुमार यादव,सुरेश यादव, अरविंद मिश्रा,इंदुमती,सरोजा देवी आदि उपस्थित रही।

## जवाहर भवन लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष में बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु नामांकन भेजे जाने के दिये निर्देश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव :जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह ने अवगत कराया है कि निदेशक संस्कृति निदेशालय उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु नामांकन भेजे जाने के निर्देश दिये है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में मल्लिका–ए–गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादराध्ठुमरीध्गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक जिनकी उम्र 40 वर्ष से कम न हो को बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किये जाने के संबंध में पात्र महानुभाओं के नामांकन 20 अगस्त 2022 तक प्रेषित किया जाना है। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि पात्र महानुभाओं के नामांकन निर्धारित प्रारुप पर 15 अगस्त 2022 तक आवश्यक रुप से प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि संकलित नामांकन निदेशालय को प्रेषित किया जा सके।

## अपर जिला जज/अध्यक्ष : नीलामी समिति जनपद न्यायालय शरद कुमार त्रिपाठी ने विज्ञप्ति के माध्यम से कराया अवगत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर जिला जजध्अध्यक्ष, नीलामी समिति जनपद न्यायालय शरद कुमार त्रिपाठी ने विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 की शेष अवधि हेतु जनपद न्यायालय परिसर जौनपुर में स्थित फोटोस्टेट शाप नया भवन की सार्वजनिक नीलामी 24 अगस्त 2022 को अपरान्ह 02.00 बजे परिसर सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार नीलामी की शर्तो के तहत भाग ले सकते है। प्रतिभागी को 23 अगस्त 2022 के सायं 04.00 बजे तक धरोहर/प्रतिभूति की धनराशि नकद रोकड़ के रुप में नजारत अनुभाग में जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी सम्बन्धी विवरण एनआईसी की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड दीवानी न्यायालय, जिला पंचायत, नगर पालिका परिषद, जिला चिकित्सालय, कलेक्ट्रेट, लोक निर्माण विभाग, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि पर देखा जा सकता है। इस सम्बन्ध मेंअधिक जानकारी के लिए दीवानी न्यायालय के नजारत अनुभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

## विशाल राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन– 9 अगस्त दिल्ली चलो

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन की अध्यक्षता में राम जानकी मंदिर अहियापुर पर संपन्न हुई जिसमें जिला अध्यक्ष ने बताया कि 41 वां विशाल राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन जो कि इस बार नई दिल्ली में 9 अगस्त को आयोजित है उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर जौनपुर से अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी दिल्ली जाएंगे जौनपुर में इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार बैनर पोस्टर के माध्यम से किया जा रहा है नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल बताया कि इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष माननीय श्री ओम बिरला जी और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री माननीय श्री अर्जुन राम मेघवाल जी एवं केंद्रीय मंत्री माननीय श्री भानु प्रताप सिंह जी रहेंगे दिल्ली जाने वाले व्यापारी जिला अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष से मिलकर अपना नाम रजिस्टर्ड करवा ले रूप से आह्वान किया कि इस विशाल व्यापारी सम्मेलन में पूरे भारत के व्यापारी पदाधिकारी आएंगे जिसमें राष्ट्रीय स्तर के व्यापारी समस्याओं के साथ–साथ



उसके निदान पर भी चर्चा होगी प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता एवं प्रदेश युवा संगठन मंत्रीधजिला युवा अध्यक्ष संतोष अग्रहरि ने जौनपुर के जनपद से अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी–पदाधिकारियों को चलने का आह्वान किया बैठक में प्रदेश युवा संगठन मंत्री संजीव यादव जिला संरक्षक राजदेव यादव एवं अशोक बैंकर जिला उपाध्यक्ष अरशद कुरैशी जिला महामंत्री रामकुमार साहू नगर महामंत्री मुन्ना लाल अग्रहरि एवं मनोज कुमार साहू नगर कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा चेतन टंडन उपाध्यक्ष आलोक सेठ विमल भोजवाल धर्मेंद्र सेठ हफीज शाह संजय जाडवानी अमर जौहरी रत्नेश गुप्ता संतोष साहू सुरेंद्र मौर्य राकेश जायसवाल लोकेश साहू नीरज शाह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रामकुमार साहू ने किया आए हुए सभी पदाधिकारियों का आभार नगर महामंत्री मुन्ना लाल अग्रहरि ने व्यक्त किया !

## सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय, खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन ने कराया अवगत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय, खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन ने अवगत कराया है कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा खाद्य तेल में मिलावट की रोकथाम, ट्रांस फैटी एसिड की मात्रा, लेबलिंग प्रावधान और मल्टी सोर्स एडिबल ऑयल के लिये अनिवार्य एगमार्क लाइसेंस और खुले खाद्य तेलों के बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से सर्विलांस अभियान के तहत 01 अगस्त 2022 से 14 अगस्त 2022 तक आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। तद्क्रम में 04 अगस्त 2022 को जनपद के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से एडिबल ऑयल एवं मल्टी सोर्स एडिबल ऑयल के कुल 03 सर्विलांस नमूना नियमानुसार जांच हेतु संग्रहीत किया गया है। जनपद के समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को अवगत कराया जाता है कि खुले खाद्य तेल का विक्रय न करें।

## महेंद्र कुमार ब्लाक अध्यक्ष डॉ वंदना सरकार मंत्री निर्वाचित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज पू०मा०शि०संघ ब्लॉक करंजाकला का निर्वाचन पू०मा०वि० काजीबाजार चुनाव अधिकारी विष्णुशंकर सिंह एवं पर्यवेक्षक शैलेष चतुर्वेदी की देख रेख में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अर्चना सिंह द्वारा की गयी।प्रत्येक पद के सापेक्ष मात्र 1 नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। चुनाव में महेंद्र कुमार गौतम ब्लॉक अध्यक्ष, डॉ०वंदना सरकार ब्लॉकमंत्री,संजय दूबे कोषाध्यक्ष,प्रवीण मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुभाष चंद सिंह उपाध्यक्ष, दिवा रानी उपाध्यक्ष,महेंद्र प्रताप उपाध्यक्ष, मधु सिंह उपाध्यक्ष, रामलगन उपाध्यक्ष,साधना देवी संगठन मंत्री, ऊषा श्रीवास्तव संगठन मंत्री, साहबलाल संगठन मंत्री, नीतू सिंह संगठन मंत्री,लालचंद ऑडिटर संरक्षक अशोक कुमार और सतीश चंद मौर्य चुने गए।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुशील कुमार उपाध्याय, जिलाकोषाध्यक्ष अच्छेलाल चौधरी,संरक्षक सत्यप्रकाश पाण्डेय, प्रदेश संयुक्त मंत्री मंजू पाण्डेय, प्रदेश कार्यसमिति




सदस्य डॉ संतोष तिवारी,जिला महामंत्री मनीष कुमार सोमवंशी, जिला संगठन मंत्री अनुपम श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मापुर राजेश यादव,ब्लॉक मंत्री बक्सा संजय बेनवंशी, अजय कुमार गौतम ,शंकर प्रताप सिंह,रामधारी प्र०अ०,राजेश गौतम,अरविंद कुमार प्र०अ०,श्रवण कुमार, प्रदीप कुमार,प्रीति मौर्या, सुनील कुमार गौतम ब्लॉक मंत्री प्रा०शि०सं०करंजाकला,ओमप्रकाश, प्रमोद कुमार, संजय कुमार गौतम, मो०इमरान ,मो० तनवीर अहमद, आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ०संजय सिंह ने किया।

## पारिवारिक मामलों के अधिकतम वादों के निस्तारण हेतु प्री–ट्रायल की तृतीय बैठक आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के संरक्षण में 13 अगस्त 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालयों में लम्बित अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम के संयोजन एवं प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर श्रीमती रीता कौशिक की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में 03 अगस्त 2022 को तृतीय प्री–ट्रायल बैठक आहूत की गयी। बैठक में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर श्रीमती रीता कौशिक द्वारा समस्त अपर प्रधान न्यायाधीश को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निस्तारण हेतु वादों को चिन्हित करने एवं पक्षकारों को समनध्नोटिस प्रेषित कर लोक अदालत में वादों के निस्तारण के लाभों को बताते हुए पक्षकारों को प्रेरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम द्वारा लोक अदालत के मामलों के निस्तारण से होने वाले लाभ जैसे–निस्तारण हेतु किसी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं होना, राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लम्बित मामलों मे न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं होना बताकर लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण करवाकर लोक अदालत को सफल बनाये जाने की अपील की गयी। इस अवसर पर अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय कुलदीप कुमार एवं सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विवेक विक्रम व परिवार न्यायालय के कांउसलर भी उपस्थित रहे।

## निराश्रित महिला पेंशन योजना हेतु आधार प्रमाणीकरण किये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि निराश्रित महिला पेंशन योजना हेतु आधार प्रमाणीकरण के किये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ है। उक्त प्रक्रिया के अन्तर्गत सर्वप्रथम गुगल पर `चल–नच.हवअ.पद पर जाये, निराश्रित महिला पेंशन पोर्टल पर जाय तथा लाल रंग की पट्टी आधार प्रमाणीकरण के लिए फ्लैश हो रही है, उसे क्लिक करें। यदि लाभार्थी को अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर नहीं पता है तो निराश्रित महिला पेंशन सेलेक्ट करके पेंशन सूची पर जाय अपना जनपद सेलेक्ट करें, विकास खण्ड सेलेक्ट करें, ग्राम पंचायत सेलेक्ट करें व ग्राम सेलेक्ट करें पूरी पेंशनर सूची उपलब्ध होगी, जिससे अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर नोट कर लें। पेंशन का प्रकार सेलेक्ट करें, निराश्रित महिला पेंशन चयन करें, रजिस्ट्रेशन नम्बर दर्ज करें। मोबाइल नम्बर दर्ज करें। बैंक एकाउन्ट नम्बर भी इंटर किया जायेगा। कैच्चा लिखें, सबमिट करें। लाभार्थी का नाम मोबाईल पर ओ0टी0पी आयेगा। ओ0टी0पी0 को दर्ज करें, तथा सबमिट करें। लाभार्थी का नाम पेंशनर सूची में व आधार में समान है तो उसका रजिस्ट्रेशन के साथ–साथ आधार का प्रमाणीकरण हो जायेगा। लाभार्थी का नाम पेंशन सूची तथा आधार के नाम में अन्तर हो तो पेंशनर का नाम आधार के अनुसार करेक्शन कर जिला प्रोबेशन अधिकारी को फारवर्ड करना है। उक्त के अतिरिक्त आधार कार्ड की छायाप्रति में मोबाइल नम्बर दर्ज करते हुए पासबुक की छायाप्रति के साथ कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी को जमा कर आधार प्रमाणीकरण कर सकते है। पेंशन सूची में अंकित नाम व आधार में अंकित नाम में अन्तर होने पर किसी भी दशा में दोबारा प्रयास न करें अन्यथा आपका डाटा लाक हो जायेगा। जिन लाभार्थियों का डाटा लॉक हो गया है, वह जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर अपना आधार प्रमाणीकरण करवा सकते है। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रतिदिन फारवर्ड डाटा की विस्तृत रुप से जॉच करके नाम में त्रुटि होने पर उस आधार के अनुसार जॉच करके अपने डिजिटल सिग्नेचर से स्वीकार करेंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा नाम की त्रुटि सही करने के 24 घण्टे के बाद लाभार्थी को फिर से पेंशन पोर्टल पर जाकर के लॉगिन करना होगा तथा आधार का प्रमाणीकरण करना होगा।

## एस.एम.सी. व पी.टी.एम. बैठक में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा के लिए किया गया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्राथमिक विद्यालय बथुआवर में खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंध समिति व अभिभावकों की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों की नियमित उपस्थिति व नामांकन जोर दिया तो दूसरी तरफ क्ठज् के माध्यम से अभिभावकों के खाते में गए पैसों से बच्चों को यूनिफॉर्म जूता मोजा बैग स्वेटर खरीद कर बच्चों को नियमित रूप से यूनिफॉर्म में आने के लिए निर्देशित किया तथा विद्यालय प्रबंध समिति के महत्व व कार्य तथा संचारी रोग के बारे में बताया।प्रधानाध्यपिका संयुक्ता सिंह द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत चल रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में तथा निपुण भारत मिशन के बारे में उपस्थित अभिभावकों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम में अभिभावक हंसराज यादव द्वारा देशभक्ति कजरी प्रस्तुत किया गया तथा कक्षा 2 के छात्र आयुष बिंद द्वारा बालगीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम



के अंत मे खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा लगातार उपस्थिति वाले बच्चों को स्टार ऑफ द मंथ के रूप में स्टार लगाकर व कॉपी और पेन देकर उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक रीनू देवी आशा देवी शुभम पाल राजकुमारी देवी सुषमा देवी फूलकुमारी शुक्ला श्रीप्रकाश रॉय सत्यप्रकाश यादव सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## महिलाओं को राखी बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शासन के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत कुलपति प्रो. (डॉ.) निर्मला एस. मौर्य जी के



संरक्षकत्व में महिला अध्ययन केंद्र और एकता आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह के संयुक्त तत्वावधान में सराय विभार बख्शा ग्राम की महिलाओं को बुधवार को राखी बनाने और साज–सज्जा सामग्री का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 5 दिन चलेगा।कार्यक्रम समन्वयक डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार पहल कर रही है कि सभी महिलाओं को ऐसे प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जाए जिससे वह अपने परिवार का भरण पोषण आसानी से कर सकें। इस अवसर पर शिखा मौर्या, विद्युत सखी, रीता मौर्य, सरोजा मौर्य, शशि कला, शास्त्री मौर्या, मीना मौर्या आदि को प्रशिक्षण दिया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्रव्यापी संगठन सहकार भारती जौनपुर की एक बैठक शहर स्थिति होटल में हुई सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सदस्यता अभियान को लेकर सहकारिता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्रव्यापी संगठन सहकार भारती जौनपुर की एक बैठक शहर स्थिति होटल में सम्पन्न हुई जिसमे सहकार भारती के जिलाध्यक्ष कुँवर प्रदीप सिंह रिंकू ने सदस्यता अभियान का शुभारम्भ किया! बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सहकार भारती उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पुरे प्रदेश में व्यक्तिगतध्संस्थागत एक लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रक्खा गया है जनपद जौनपुर को एक हजार नए व्यक्तिगत एवं संस्थागत सदस्य बनाने है, जनपद की सभी सहकारी संस्थाओ डी.सी.बी, पी.सी.एफ, केन्द्रीय उपभोक्ता, क्रय–विक्रय एवं साधन सहकारी समितियों के सभापतिध्सचिव को संस्थागत सदस्यता दिलाई जायेगी! इस तरह सहकार भारती 'सहकारिता से समृद्धि' का स्वप्न साकार करने जा रही है! केंद्र में प्रथम सहकारिता मंत्रालय बनने से पैक्स की समस्याओ का निराकरण होगा! केंद्र सरकार ने पैक्स के लिया नया मॉडल बनाया है इससे पैक्स बहुउद्देशीय कार्य कर सकेंगी और समितियां अपना कार्य पारदर्शिता के साथ बेहतर तरीके से कर सकेंगी! जिला संगठन प्रमुख विवेक सिंह ने कहा कि आने वाला समय सहकारिता और सहकार भारती का है! सहकार भारती ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के किसानो की आय दुगनी करने के संकल्प की सिद्धि के लिए कमर कस ली है और यह सहकारिता के माध्यम से ही संभव है! जिला महिला प्रमुख श्रीमत प्रीति गुप्ता ने कहा कि महिलाओ को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कार्य किया जा रहा है और ज्यादा से ज्यादा महिलाओ को सहकार



भारती से जोड़ने का कार्य विविध मोर्चो पर हो रहा है! जिला सह संगठन प्रमुख श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को, किसानो को एफ.पी.ओ. के माध्यम से सहकारिता से जोड़ा जा रहा है! देश भर में अलग अलग सहकारी संस्थाये अच्छा कार्य कर रही है इनको एक सूत्र में, एक विचार में और एक ध्येय में पिरोने का कार्य सिर्फ सहकार भारती ही कर सकती है! जिला मंत्री अवनीश सिंह ने कहा सभी को आश्वस्त किया की जो लक्ष्य जनपद को मिला है उससे ज्यादा सदस्य को जोड़ने का कार्य हम सभी मिल कर करेंगे! बैठक में नए पदाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह, श्री मनीष सिंह (बी.डी.सी), श्री बृजेश सिंह रघुवंशी,श्री राजेंद्र खत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया! श्रीमती किरण जायसवाल, राजेश अष्ठाना, सुनील जायसवाल, अमित जायसवाल, रोहित सेठ ने भी अपने विचार व्यक्त किये! बैठक का संचालन जिला सह महिला प्रमुख श्रीमती अर्चना सिंह ने किया एवं आये हुए सभी पदाधिकारियों को तीव्र गति से सदस्यता अभियान को चलाने का अनुरोध करते हुए समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने के लिए कहा !

## भारत विकास परिषद द्वारा की गई गौमाता एव नंदी बाबा की पूजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद शाखा जौनपुर द्वारा सेवा एव संस्कृति सप्ताह के दूसरे कार्यक्रम में आज भगवान भोलेनाथ के प्रिय नंदी एव गौमाता की विधिवत पूजा अर्चना कर हरा चारा एव गुड़ खिलाया। अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे शास्त्रों में गौवंश की सेवा करने से मनोकामना पूर्ण होने की बात कही गई हैं। गौ माता की पूजा अर्चना कर जग कल्याण की कामना की।पूर्व अध्यक्ष भृगुनाथ पाठक ने कहा कि अनादि काल से गाय का दूध गोबर एव मूत्र से तमाम आयुर्वेदिक दवाओं का निर्माण किया जाता हैं।हम सबको गौवंश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख अतुल जायसवाल ने कहा कि गौमाता की पूजा करना बहुत ही फलदायक होता है।इस अवसर प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख अवधेश गिरी, पूर्व अध्यक्ष विक्रम गुप्ता,प्रदीप जायसवाल,



कोषाध्यक्ष शरद साहू, शिव गुप्ता, संगठन सचिव डॉ आशुतोष सिंह,डॉ अमरनाथ पांडेय, महेंद्र चौधरी, अतुल सिंह,गौशाला प्रमुख पवन जी सहित तमाम लोग उपस्थित थे।संचालन सचिव दिलीप जायसवाल ने किया अंत मे प्रकल्प प्रमुख सतेंद्र अग्रहरि ने आये हुए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## शटर चाड़ कर चालीस हजार के आभूषण उठा ले गए चोर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रयागराज हाईवे पर बक्शा थाना क्षेत्र के फतेहगंज बाजार में बुधवार की रात चोरों ने सर्राफा की एक दुकान का सटर चाड़कर लगभग चालीस हजार के आभूषण पार कर दिए। दुकान के मालिक विजय कुमार सेठ बुधवार को रोज की तरह शाम को दूकान बन्द कर 500 मीटर दूर स्थित आवास पर सोने चले गए। उन्होंने बताया कि गुरुवार को उन्हें सुबह पांच बजे उनके दुकान का शटर थोड़ा ऊपर उठा होने की सूचना मिली तो वे भाग कर वहां पहुंचे और 112 डायल पुलिस को सूचित कर दूकान के अंदर गए। दूकान में देखने पर ढाई सौ ग्राम चांदी, सोने की कील व नथिया गायब थी। उन्होंने बताया कि सामान की अनुमानित कीमत लगभग चालीस से पचास हजार होगी। सूचना पर पहुंची 112नम्बर पुलिस जाँच में जुट गई है।

## डीपीआरओ ने 18 लाभार्थियों को दिया मुख्यमंत्री आवास का स्वीकृति पत्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी विकास खण्ड सभागार में गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास के 18 लाभार्थियों को जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया।और कहा की जल्द आवास पूर्ण करें।बैठक में खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।डीपीआरओ ने वहाँ मौजूद प्रधान सचिव और आवास के लाभार्थियों से कहा कि मुख्यमंत्री आवास वर्ष 21–22 में 18 लोगों का स्वीकृति हुआ है धनराशि अवमुक्त होते ही निर्माण कार्य शुरू करे।बीडीओ ने कहा कि सभी पात्र के खाते में सीधे पैसा जाएगा किसी बिचौलिए की चक्कर मे न पड़े इसलिए सरकार आपके खाते में पैसा भेज रही है। सचिव आवास की निगरानी करते रहे।लाभार्थी असवा गांव के राजेश, अवधेश, मीरा देवी, भगेरी के बड़े लाल, विजयगिर की सरिता और अनारा,दताव की प्रभावती,दीनापुर की पिंटू रत्ना देवी लाली,कटवार की शांति सुषमा शिवकुमार और बिंदु, पौहा के पाँचू,सहादतपुर के रामसिंगार ,मीना पांडेय और सरावा के बऊ प्रमाण पत्र पाकर खुश दिखे।

## डूडा विभाग द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में दो करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वित्तीय वर्ष 2022 /23 में मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित मलिन बस्ती विकास योजना अंतर्गत नगर पंचायत के अल्प विकसित बस्ती हेत डूडा विभाग ने दो करोड़ रुपए की लागत से नाली एवं इंटर लाकिंग निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी है। यह स्वीकृति विधायक रमेश चंद्र मिश्र द्वारा प्रस्तावित किया गया है। निर्माण कार्य हेतु संबंधित नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने प्रस्तावित निर्माण कार्य किसी योजना में प्रस्तावित नहीं है से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र डूडा विभाग को सौंप दिया है। परियोजना अधिकारी डूडा अनिल कुमार ने बताया है कि प्रस्तावित नाली एवं इंटरलॉकिंग निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग के शेड्यूल में स्वीकृत दरों के अनुसार तैयार कराया गया है! जिसे शासी निकाय की बैठक के बाद अनुमोदनोपरांत धन आवंटन हेतु सूडा लखनऊ को प्रेषित किया गया है। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 में नन्हे कहार के घर के सामने से दिनेश शर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग का कार्य 6.24 लाख रुपये में,वार्ड नंबर 7 में सुनील सिंह के मकान से राकेश तिवारी के घर तक इंटरलॉकिंग का कार्य 4.41 लाख रुपए , वार्ड नंबर 7 में राजेश तिवारी के घर के सामने से विजय शंकर तिवारी के घर होते हुए बीच रोड तक इंटरलॉकिंग का कार्य 12.64 लाख रुपये, वार्ड नंबर 7 में अमरनाथ विश्वकर्मा के घर से भोला विश्वकर्मा के घर होते हुए अहिरौली पिच मार्ग तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का कार्य 17.72 लाख रुपये, वार्ड नंबर 10 में डॉ राम मनोहर लोहिया पब्लिक स्कूल भलुआही से दिनेश सिंह के घर के आगे तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य 37.5 6 लाख रुपये, वार्ड नंबर 10 में सेंट जेवियर स्कूल से पूरब पाल बस्ती से होते हुए कमलेश सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य 30.16 लाख रुपए, वार्ड नंबर 14 में सरोखनपुर में पिच रोड से सपना शर्मा के घर के आगे तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य 4.70 लाख रुपए, वार्ड नंबर 10 में भलुआही, गोरखपुर प्रयागराज मार्ग से प्रभु कान्वेंट स्कूल तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य 16.79 लाख रुपये वार्ड नंबर 10 में भलुआही, गोरखपुर, प्रयागराज मार्ग से राजेंद्र प्रसाद मिश्र के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य 15.2 8 लाख रुपए में, वार्ड नंबर 4 सरोखनपुर में ओम प्रकाश के घर से कल्लू यादव के घर तक इंटरलॉकिंग वाला भी निर्माण कार्य 7.46 लाख रुपए में,वार्ड नंबर 4 में रमेश मौर्या के घर से मोहित यादव के घर तक इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण का कार्य 23.14 लाख रुपये में,वार्ड नंबर 4 सरोखनपुर में नहर से सुनील के घर तक इंटरलॉकिंग वाली निर्माण का कार्य 21.71 लाख रुपये में कराया जाना है। इंटरलॉकिंग नाली निर्माण पर 197 . 81 रुपये खर्च होंगे। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मैंने स्वयं स्थल का निरीक्षण करने के बाद डूडा विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किया है। डूडा विभाग के परियोजना निदेशक अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि शूडा लखनऊ से धन मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## सेनापुर का शहीद स्तम्भ शहीदों के गौरव का प्रतीक है– कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेनापुर में स्थित शहीद स्मारक परिसर में गुरुवार को दोपहर एक बजे दिग्विजय सिंह महिला महाविद्यालय हसनपुर भौरा, आरपीएस महाविद्यालय उदयचंदपुर और आचार्य बलदेव पीजी कालेज कोपा पतरही के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत घर घर तिरंगा जागरूकता अभियान मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने 1857 की गदर क्रान्ति में शहीद 23 रणबाकुरों की स्मृति में बने शहीद स्तम्भ पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। अपने उदबोधन में कुलपति ने कहा कि 1857 की क्रान्ति में जब देश में पूरब –पश्चिम, उत्तर–दक्षिण क्रान्ति की आग में जल रहा रहा था तब सेनापुर और डोभी के लोगों ने एक ऐसा आंदोलन किया जिससे भूरा भारत स्वतन्त्र हो जाए। उन्ही शहीदों के स्मृति में बना यह स्तम्भ और ध्वज गौरव का प्रतीक है। परिसर में स्थापित ध्वज शहीदों की स्वास से फहरता है। इस अवसर पर डॉ मनोज मिश्रा,डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ राकेश कुमार यादव, वीएन सिंह, संजय कुमार राय, महेन्द्र कुमार, मैनेजमेंट गुरु अनिल यादव, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर,डॉ सुनील कुमार, प्रबन्धक कृष्णा यादव, प्रबन्धक सुमन यादव, प्रबन्धक पंकज सिंह, विनीत सिंह, अनामिका सिंह समेत तमाम शिक्षाविद उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम में आये तमाम लोगों के प्रति ग्राम प्रधानअरविन्द चौहान ने आभार जताया।

## भू माफियाओ से परेशान नरेंद मोदी विचार मंच के जिलाध्यक्ष बैठे आमरण अनशन पर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक तरफ जहां प्रदेश की योगी सरकार भू माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रही है तो वहीं दूसरी तरफ जौनपुर में भूमाफिया इस कदर हावी है कि सरकारी आदेश के बाद भी बाउंड्री वाल गिरा दिया. इस संबंध में पीड़ित सौरभ दिवेदी द्वारा जिलाधिकारी से मिलकर अपनी बात रखते हुए प्रार्धना पत्र देते हुआ कहा कि यदि उनके प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं होती तो वह आमरण अनशन पर कलेक्टर परिसर में बैठेगे।इसी क्रम में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने से क्षुब्ध पीड़ित कलेक्ट्रेट परिसर में आमरण अनशन पर बैठ गए है।जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में सौरभ द्विवेदी ने बताया है कि मेरे ग्रामसभा उदयचन्दपुर चक संख्या 640 व आराजी संख्या 14974. जो भू – माफियाओं द्वारा मेरे ही जमीन पर मेरे द्वारा जमीन को न घेर देने व 20.07.2022 को जानलेवा हमला करके हमारी बनायी गयी बाउण्ड्री को गिरा दिया गया है , उसके बाद मैं थानागद्दी चौकी इंचार्ज व प्रभारी निरीक्षक केराकत कोतवाली पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी महोदय को कई बार मिलकर लिखित व मौखिक रूप से अपनी समस्या बताया।जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सीधा आदेश है कि भू – माफियाओं के खिलाफ व उनके संरक्षण देने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए । तहसील प्रशासन केराकत व जिला प्रशासन जौनपुर के गहरी नींद में सो जाने व दुलमूल रवैया अपनाने के कारण मैं आमरण अनशन पर बैठने पर विवश हूँ अगर जिला प्रशासन की ओर से भू – माफियाओं के खिलाफ उचित कार्यवाही नही की गयी अनिश्चित काल तक अपने सभी जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ आमरण अनशन पर बैठने के लिए बाध्य होंगे।.आमरण अनसन पर बैठे सौरभ द्विवेदी ने बताया कि भूमाफिया प्रशासन की मिलीभगत के कारण आज जनता के साथ–साथ पदाधिकारियों का भी शोषण किया




जा रहा है. इसी मिलीभगत को सरकार तक पहुंचाने के लिए और सबको न्याय दिलाये जाने के लिए हम अनशन पर बैठे हैं। वर्तमान समय में जो हो रहा है उसे मेरा एक व्यक्तिगत मामला है जिसमें न्यायालय के आदेश अनुसार मैंने चकबंदी अधिकारी और पुलिस के साथ पैमाइश कराकर अपनी बाउंड्री वाल बनवाई लेकिन भूमाफिया हो और स्थानीय पुलिस प्रशासन की मिलीभगत के कारण मेरी दीवार गिरा दी गई इसको लेकर मैंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इस दौरान हौसला बुलंद दबंगों द्वारा मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी लेकिन पुलिस को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हमारे साथ ही नहीं यह घटनाएं जिले में आम हो चुकी हैं। ऐसे नहीं जिला प्रशासन द्वारा भू माफियाओं को संरक्षण दिया जा रहा है। हम अपने ही साथ साथ अन्य लोगों के लिए भी न्याय चाहते हैं।

# 18 लाख मतदाताओं का आधार कार्ड नंबर वोटर लिस्ट में अंकित होने से फर्जी वोटरों पर लगेगा लगाम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के 18 लाख मतदाताओं का आधार कार्ड नंबर उनकी वोटर लिस्ट में अंकित होगा। मतदाता सूची में वोटरों के आधार नंबर दर्ज कराने का प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इस नई पहल से फर्जी वोटर बनने के साथ ही कई जगहों की वोटर लिस्ट में नाम शामिल नहीं हो सकेगा।भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची में शामिल सभी वोटरों को उनके आधार कार्ड से लिंक कराया जा रहा है। जिला प्रशासन इसकी तैयारियों में जुट गया है।सभी बीएलओ को इसके लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। उनके क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल वोटरों के आधार कार्ड नंबर दर्ज कराने की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए मतदाताओं को एक फार्म 6 भरने की जरूरत होगी। यह फार्म सभी बीएलओ को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में एडीएम अमित सिंह ने बताया, नई योजना से वोटर लिस्ट में होने वाले फर्जीवाड़े पर लगाम लग सकेगा। वोटर लिस्ट में आधार नंबर जोड़ने के बाद यह पता लग सकेगा, कि वोटर का नाम कौन–कौन सी सूची में शामिल है।इतना ही नहीं यदि किसी दूसरे राज्य के व्यक्ति का नाम यहां की वोटर लिस्ट में शामिल है, तो भी इसकी जानकारी लग सकेंगी। अभी तक वोटर आई कार्ड का नंबर की लिस्ट में शामिल रहता है। लगातार शिकायत आती हैं कि लोगों को कई–कई वोटर आई कार्ड बनवाएं है। इसकी कारण उनकी नाम कई स्थानों की वोटर लिस्ट में शामिल है।इस अभियान के दौरान एक जनवरी, एक अप्रैल व एक अक्टूबर को जिन युवाओं की उम्र 18 साल पूरी हो रही है वह




भी अपने नाम को वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।मतदाता वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराने, नाम कटवाने व पता बदलवाने के लिए भी आवेदन कर सकता है। सभी बीएलओ को इस कार्य करने के भी निर्देश दिए गए हैं।वोटर लिस्ट में आधार कार्ड नंबर जुड़वाने के लिए अगस्त महीने में मतदान केंद्र पर विशेष कैंप लगाएं जाएंगे। यहां लोग स्वयं जाकर फार्म भरकर अपना आधार सूची में दर्ज करा सकेंगे। इसके साथ ही बीएलओ अपने क्षेत्र में घर–घर जाकर भी मतदाता सूची में शामिल लोगों के आधार नंबर दर्ज करेंगे।अपनी आधार नंबर वोटर लिस्ट से लिंक कराने के लिए मतदाता ऑनलाइन भी स्वयं आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें दअेच.पद पर जाकर आवेदन करना होगा। रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी मिलेगा। जिसके दर्ज करने के बाद उनका आधार नंबर वोटर लिस्ट में शामिल नाम के साथ लिंक हो जाएगा।

# कुमारगंज बाजार में जलभराव से इस समय लोगों को परेशानियों का करना पड़ रहा सामना

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) इस समय जरा सी बारिश में ही कुमारगंज में विकास के दावों का सच सामने आ गया है।यहां के लोगों के लिए जलभराव बड़ा संकट बन गया है। व्यापारी से लेकर जन सामान्य तक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वो भी यह हाल तब है जब स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कुमारगंज को सिंगापुर सरीखा बनाने का दावा किया था।इस बारिश में जलभराव के चलते हाईवे की हालत भी खस्ता हो गई है। इसे लेकर समाजसेवी राजन पांडेय ने आला अधिकारियों को पत्र भेज समस्या के निदान की मांग उठाई है। श्री पांडेय ने रविवार को बताया कि तहसील और पंचायत प्रशासन के जिम्मेदार खामोश बैठे हैं।यहां के लोगों को यह बाजार नहीं बल्कि अब इस समय टापू लग रहा है। उन्होंने कहा कि पानी निकासी की व्यवस्था यथाशीघ्र करवाई जाए यदि ऐसा नहीं होता है तो स्थानीय लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।उन्होंने कहा कि



बाजार को सिंगापुर बनाने वाले लोग आज गायब हैं। उन्होंने कहा जब मैंने बाईपास की मांग की थी तो लोगों ने कहा काहे विरोध कर रहे हैं। आज वही लोग गायब हैं। उन्होंने बताया कि विकास के धन का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि अब ऐसे ही लोग चेयरमैन चुनाव लड़ने का सपना देख रहे हैं। राजन ने कहा कि बाजार की बुरी दशा है। यहां के लोगों ने बताया कि बारिश का पानी घरों तक में रहा है। जिससे हम सभी को काफी परेशानी हो रही है।

# फरियादियों की समस्याएं न निपटाने पर एसडीएम हुये नाराज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के उपजिलाधिकारी बीकापुर प्रशांत कुमार एवं तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा ने सर्किल के अपने अधीनस्थ सभी कानूनगो एवं लेखपालों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने लंबित शिकायतों का समय से निस्तारण न होने पर कई कानूनगो को कड़ी फटकार लगाई। इस संबंध में वहां पर मौजूद तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा ने संपूर्ण समाधान दिवस की पेंडिंग शिकायतों का समय के अंदर निस्तारण न किए जाने सहित जनसुनवाई पोर्टल पर हुई दर्जनों शिकायत का निस्तारण समय से कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों की रिपोर्ट एक सप्ताह में लगाने का निर्देश दिया। इसके बाद किसी आवेदक ने शिकायत किया कि समय से लेखपाल प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट नहीं लगा रहे हं तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएग

## शौच के लिये गयी बालिका की बिजली करंट की चपेट में आने से हुई मृत्यु

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के रघुपुर गांव में खंभे में आये करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी। इस दर्दनाक हादसे की सूचना पाकर आयी पूराकलंदर ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। सूत्र के मुताबिक जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के रघुपुर गांव निवासी सीता पुत्री बुधिराम उम्र लगभग 22 वर्ष मंगलवार की सुबह सौच के लिये गयी थी जैसे ही खेत के पहुची वैसे ही खेत मे खंभे में आये करंट की चपेट में आ गयी जिससे घटना स्थल पर युवती की मृत्यु हो गयी। इस दर्दनाक हादसे की सूचना पाकर पूराकलंदर थाना प्रभारी राजेश सिंह दरोगा विकाश कुमार हमराही सिपाहियों के साथ घटना स्थल पर पहुच गए और शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी पूराकलंदर राजेश सिंह ने बताया घटना हुई है जो एक इत्तेफाक है युवती के पिता ने भी घटना इत्तफाक बताई शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजन को शौप दिया गया है अभी इस मामले में कोई तहरीर नही मिली है

# आने वाले समय में कामख्या धाम के दर्शन–पूजन के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का भी लुत्फ उठा सकेंगे पर्यटक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रभु राम की नगरी अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण का कार्य जोरों से चल रहा है।वही शासन स्तर पर भी अवध नगरी को संजाने व संवारने के कार्य में भी कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या जनपद में कई पौराणिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रही है।इसी क्रम में प्रकृति की गोद में स्थित रुदौली तहसील क्षेत्र के कामाख्या धाम मंदिर के आस–पास के बड़े भूखंड को भी पर्यटकों के लिए विकसित करने के लिए वन विभाग से एक प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिसकी पैरवी स्वयं क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव कर रहे हैं। यदि विधायक इस प्रोजेक्ट को शासन से स्वीकृत कराने में सफल हुए तो वो दिन दूर नहीं कि अयोध्या जनपद में आने वाले पर्यटक यहां प्राकृतिक सौंदर्य का लुफ्त उठाएंगे। उन्हें यहां दुधवा नेशनल पार्क जैसी सुविधाएं देखने को मिलेंगी।रामनगरी अयोध्या के पश्चिमी मुख्य द्वार पर तहसील रूदौली स्थित है, जहां सुनबा, बिहारा, सैमसी, सिपहिया, कोटवा, वनमऊ जंगल हैं, जो लगभग 2520. 874 हेक्टेयर भूमि पर स्थित है। यहां 253.398 हेक्टेयर भूमि पर स्थित सुनबा जंगल के किनारे आदि गंगा गोमती नदी की धारा प्रवाहित होती है।इसी के समीप मां कामाख्या भवानी का एक पौराणिक स्थल है, जो आस –पास के कई जनपदों के हजारों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। इसी मंदिर के आसपास के 90 हेक्टेयर भूमि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडेय ने एक प्रस्ताव शासन को भेजा है। हालांकि इस प्रस्ताव को वन क्षेत्राधिकारी रहे ओमप्रकाश ने दो वर्ष पूर्व ही शासन को भेजा था लेकिन उस समय इसे शासन द्वारा मंजूरी नहीं मिल सकी थी। इस प्रस्ताव में कुछ संशोधन के उपरांत पुनः दस करोड़ का प्रपोजल तैयार कर शासन को भेजा गया है। क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव इस प्रस्ताव को मंजूरी दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व उन्होंने वन मंत्री से मिलकर इस पर चर्चा भी की है। यदि इस प्रोजेक्ट को शासन से मंजूरी मिली तो अयोध्या जिले का ये पहला पर्यटन स्थल होगा, जो दुधवा नेशनल पार्क जैसा प्राकृतिक सौंदर्य की छटा बिखेरेगा।

# जिलाधिकारी ने फीता काट कर किया किसान मेला प्रदर्शनी व खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का शुभारंभ

अयोध्या(सरवन कुमार नगर संवाददाता) डीएम नितीश कुमार ने आयुक्त कार्यालय परिसर व गांधी सभागार में किसान मेला प्रदर्शनी व खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने किसान मेला प्रदर्शनी में कृषि से जुड़े विभिन्न विभागों एवं निजी संस्थाओं व कृषकों द्वारा लगायी गयी योजनाओंध्उत्पादों के स्टालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने फसलों पर उत्पादों की उपयोगिता व उसके प्रयोग करने सम्बंधी विस्तृत जानकारी तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्यध्कृषकों तक सुचारू रूप से पहुंचाने व व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कृषक भाईयों को सम्बोधित करते हुये कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कृषकों में रसायनिक खेती के दुष्प्रभाव को बताया तथा उनसे खेती में रसायनिक खादों का कम से कम प्रयोग करने तथा जैविक विधियोंध्खादों के माध्यम से कम लागत में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उत्पादित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद स्तर जनूपदीय एवं तहसील स्तर पर तहसील प्रयोगशालायें स्थापित की गयी है। जनपदीय प्रयोगशालाओं पर 12 पैरामीटर (पीएच, ईसी, आर्गेनिक उपलब्ध नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, सल्फर, जिंक, बोरान, आयरन, मैगनीज, कापर) का विश्लेषण किया जाता है एवं तहसील स्तरीय प्रयोगशालाओं में आर्गेनिक (जीवांश कार्बन), फास्फोरस, नाइट्रोजन, पोटाश, पीएच एवं ईसी का विश्लेषण होता है। किसान अपने खेत से चार से पांच स्थानों से साधारण के 6 इंच ग 4 इंच ग 6 इंच गड्डे खोद कर ले। खुरपी कर गड्डे की दीवार से लगभग 2.5 सेमी परत ऊपर से नीचे लें। मिट्टी को अच्छी तरह मिलाकर कम से कम 500 ग्राम मिट्टी लेकर थैले में भर ले एवं थैले के ऊपर किसान का नाम, पिता का नाम, गांव, खसरा सं० क्षेत्रफल विकास खण्ड का नाम, तहसील का नाम आदि अवश्य लिखा दे। एक लेविल थैली के अन्दर एवं एक थैली के ऊपर बांधा दें। मृदा नमूना भेजते समय यह भी अंकित करना आवश्यक है कि खेत में कौन सी फसल ली जानी है, ताकि उसी के अनुसार उर्वरक की संस्तुति की जा सके। मृदा नमूना विश्लेषण के उपरान्त फसलवार उर्वरक एवं खाद की संस्तुति मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर की जाती है। जिससे किसान अनावश्यक उर्वरक के प्रयोग से बच जाता है और फसल के उत्पादन में अच्छा लाभ प्राप्त करता है। प्रत्येक मृदा नमूना के विश्लेषण हेतु विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर मृदा परीक्षण अपने नजदीकी मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं में मिट्टी की जांच करा सकते हैं। मुख्य पोषक तत्वों (नत्रजन, फास्फोरस एवं पोटाश) की परीक्षण हेतु शुल्क 30 रूपये एवं 12 पैरामीटर की जांच हेतु निर्धारित शुल्क 102 रूपये जमा कर परीक्षण करा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने गौ–आश्रय स्थलों के संचालन के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गयी। गोष्ठी में जिला कृषि अधिकारी द्वारा खरीफ में कृषि निवेशो की उपलब्धता, भूमि संरक्षण अधिकारीध्जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा खरीफ में कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता व भूमि संरक्षण अनुभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। गोष्ठी में जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद में आलू भण्डारण, एकीकृत बागवानी विकास मिशन आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बागवानी मिशन के अन्तर्गत पाली हाउस व गेट हाउस के निर्माण पर लागत मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान अनुमान्य है। केले की खेती पर कृषकों को प्रति हे0 प्रथम वर्ष 30670 रूपये एवं द्वितीय वर्ष 10230 रूपये अनुदान के रूप में केले की पौध विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इस अवसर पर पशुपालन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में छुट्टा जानवरों से फसलों को बचाने हेतु कुल 32 गौवंश आश्रय स्थलों का निर्माण कराया गया है (25 अस्थायी, 02 बृहद गौ संरक्षण केन्द्र, 04 कान्हा गौशाला एवं 01 काजी हाउस) इसमें आठ हजार से अधिक गौवंशो को संरक्षित किया गया है। गोष्ठी में नाबार्डध्बैंक की योजनाओं कृषि यांत्रिकीकरण तथा खरीफ के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर मृदा परीक्षण के अवसर पर संतुलित उर्वरकों के प्रयोग, बीज शोधन व कृषि की नवीनतम तकनीतियों आदि पर वैज्ञानिकोंध्विशेषको द्वारा चर्चा की गयी। गोष्ठी में जनपद के कृषकों द्वारा अपने अभिनव प्रयोगों को भी साझा किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, किसान विकास केन्द्र मसौधा के वैज्ञानिक विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# ई–चालान ट्रायल शुरू : रिकाबगंज में सर्वाधिक लोगों ने किया ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आईटीएमएस प्रोजेक्ट के तहत अब ई–चालान का ट्रायल शुरू हो गया है, इसके लिए शहर के 20 चौराहों पर लगे कैमरों से निगरानी की जा रही है।एक रिपोर्ट के मुताबिक रिकाबगंज में सर्वाधिक ट्रैफिक उल्लंघन के मामले सामने आए हैं, 31 जुलाई को 4749 लोगों ने रिकाबगंज चौराहे पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया था सबसे बड़ी बात यह है कि इनमें सबसे अधिक रेड लाइट जंप करने के मामले हैं।अयोध्या में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए आईटीएमएस प्रोजेक्ट के तहत 20 चौराहों को ट्रैफिक लाइट व कैमरों से युक्त किया गया हैइस आईटीएमएस परियोजना की जिम्मेदारी भोपाल की फर्म टेक्नोसेस सिक्योरिटी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को नगर निगम ने सौंपा है, चौराहों पर एनपीआर और आरएलवीडी कैमरे लगाए गए हैं, एनपीआर कैमरे नंबर प्लेट को पढ़ने का काम करते हैं जबकि आरएलवीडी एविडेंस दिखाते हैं।अमानीगंज स्थित कंट्रोल रूम से मिले आंकड़ों के मुताबिक 31 जुलाई को रिकाबगंज चौराहे पर 4749 लोगों के ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने की रिपोर्ट मिली है, जिसमें 3363 लोगों ने रेड लाइट जंप की, 1049 लोगों ने जेब्रा लाइन व 37 लोग गलत दिशा में वाहन चलाते रिकॉर्ड हुए हैं इसी तरह पुलिस लाइन चौराहे पर कुल 803 लोगों के ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया है, यहां 731 लोगों ने रेड लाइट जंप की, 65 लोगों ने जेब्रा लाइन क्रॉस की व 7 लोग गलत दिशा में आते दिख हैं यही सूरत नगर के अन्य चौराहों की भी है, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान उनके घर पहुंचेगा अमानीगंज स्थित कंट्रोल रूम में बैठे कर्मी नियमों का उल्लंघन करने वालों की नंबर प्लेट रीड कर संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए भेज देंगे जिसके बाद चालान बाई पोस्ट घर पहुंचेगा हेलमेट लगाएं नियमों का पालन जरूर करें।इस संबंध में ट्रैफिक सीओ राजेश तिवारी ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जल्द ही पेनाल्टी शुरू हो जाएगी लोगों को खुद ब खुद अवेयर रहना चाहिए बाइक सवार हेलमेट का प्रयोग जरूर करें कार चलाते वक्त सीट बेल्ट जरूर लगाएं साथ ही रेड लाइट व गलत दिशा में वाहन न चलाएं।

# डबल धमाका मामले में एक और आरोपी को किया गया गिरफ्तार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जनपद के इनायतनगर थाना क्षेत्र स्थित सेमरा गांव में लगभग एक माह पूर्व विस्फोटक में हुए धमाके के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।बुधवार को क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि इनायतनगर पुलिस ने आज दोपहर बाद स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा इनायतनगर के पास से इमरान निवासी ग्राम सेमरा हैरिंग्टनगंज थाना इनायत नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इसकी 7 जुलाई को दर्ज विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के एक मामले में तलाश थी। हैरिंगटनगंज चौकी क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी रहमतुल्ला के मकान में धमाका हुआ था,जिसमें मकान क्षतिग्रस्त हो गया था और उसका एक लड़का गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस धमाके के बाद गन्ने के खेत में छिपाये गए विस्फोटक में भी धमाका हुआ था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त मकान से भरी मात्रा में विस्फोटक और पटाखा बरामद किया था। बिना अनुमति आतिशबाजी निर्माण के इस मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने दर्ज मुकदमें में चालान किया है।

## फैजाबाद केमिस्ट एंड ड्रग एसोसिएशन ने हर घर तिरंगा को लेकर आयोजित की बैठक

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) फैजाबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से बुधवार हर घर तिरंगा घर–घर तिरंगा अभियान के तहत को लेकर एक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष अवि आनंद ने की। बैठक में मुख्य अतिथि अयोध्या नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि उपश्रमायुक्त अनुराग मिश्रा, मुख्यऔषधि निरीक्षक सुमित वर्मा शामिल हुए। बैठक में यह तय किया गया कि जनपद में सभी दवा व्यापारी अपने अपने घरों पर तथा प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज अवश्य लगाएंगे। इस अभियान के अंतर्गत सभी कार्यकारिणी सदस्यों व पदाधिकारियों को मुख्यअतिथि की ओर से वितरण किया गया । अध्यक्ष अवि आनंद ने संगठन के सभी सदस्यों के लिए आह्वान किया के प्रतिष्ठान पर ध्वजा अवश्य रखें। जिसे चाहिए वह वहां से ले सकता है। बैठक में फैजाबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अविआनंद , महामंत्री आनंद अग्रहरी,कोषाध्यक्ष अनूप सोनी, राकेश सोनी ,रूमी जक्की , मयूरेश चतुर्वेदी, सोनू जायसवाल, बृज किशोर गोयल, बलराम ,ओमप्रकाश सिंह नाहर ,वीरेंद्र जायसवाल ,शमशेर अली, विकास अग्रवाल, कृष्ण गोपाल, अमित, दिवाकर व अन्य लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता संघ के वार्षिक चुनाव में नामांकन व जांच प्रक्रिया पूर्ण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अधिवक्ता संघ मिल्कीपुर के वार्षिक चुनाव कार्यक्रम के तहत संगठन के विभिन्न पदों हेतु नामांकन एवं नामांकन पत्रों की जांच का कार्य पूर्ण हो गया है। निवर्तमान अध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता संघ मिल्कीपुर शिवराज त्रिपाठी ने बताया कि संघ के महत्वपूर्ण अध्यक्ष पद हेतु 2 अधिवक्ताओं पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला एवं रमेश चंद पांडे ने अपनी दावेदारी जताते हुए नामांकन दाखिल किए हैं। वही संगठन के उपाध्यक्ष पद हेतु अधिवक्ताओं विश्वनाथ मिश्रा एवं राजेंद्र प्रसाद चौरसिया द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। इसके अलावा संघ के महत्वपूर्ण मंत्री पद हेतु बृजेश कुमार मिश्रा एवं अरुण कुमार श्रीवास्तव ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जबकि उपाध्यक्ष पद हेतु राकेश कुमार मिश्रा और संयुक्त मंत्री प्रशासन के 2 पदों हेतु श्री प्रकाश पांडे तथा शिवकुमार मिश्र द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पद पर राम संवारे एवं संगठन के कार्यकारिणी प्रथम पद हेतु प्रहलाद तिवारी एवं स्वामीनाथ उपाध्याय तथा कार्यकारिणी द्वितीय हेतु सतीश प्रसाद एवं संदीप शुक्ला एवं कार्यकारिणी तृतीय के 3 पदों हेतु श्री प्रकाश सिंह, कालिका प्रसाद तिवारी एवं सुनील कुमार शुक्ला द्वारा अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि नामांकन वापसी हेतु बृहस्पतिवार आज का दिन सुनिश्चित किया गया है। दावेदारों द्वारा नामांकन पत्र वापसी के बाद ही किन किन पदों हेतु मतदान होगा, इसकी तस्वीर साफ हो सकेगी।

# बारुदी धमाका कांड में घायल मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित हैरिंग्टनगंज बारूदी धमाका कांड में हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी व दो सिपाहियों के लाइन हाजिर किए जाने के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया था।वही अब मामले के विवेचक नवागत चौकी प्रभारी बारून उप निरीक्षक बबलू कुमार ने धमाका कांड में गंभीर रूप से घायल हुए मुख्य आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजने का दावा किया है।बताते चलें कि बीते 7 जुलाई की रात लगभग 10 बजे हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुए जबरदस्त बारूदी धमाके से हैरिंग्टनगज क्षेत्र दहल उठा था। इस धमाके में सेमरा निवासी रहमतुल्ला का लगभग 300 वर्गफीट का मकान जमीदोंज हो गया था। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक गई थी। इस हादसे में रहमतुल्ला का 30 वर्षीय बेटा इमरान भी गंभीर रूप से घायल हो गया था। उधर घटना के बाद रहमतुल्ला अपने घर में मौजूद बारूद की भारी खेप सहित अन्य सामग्रियां घर से थोड़ी दूर स्थित गन्ने के खेत में ठिकाने लगाता रहा। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी ने इस घटना के बाबत एक मामूली सा पेट्रोमैक्स गैस सिलेंडर फटने की जानकारी विभागीय उच्चाधिकारियों को दी थी। उधर घटना के दूसरे दिन दोपहर करीब सवा तीन बजे गन्ने के खेत में फिर तेज धमाका हो गया था। जिसके बाद पुलिस विभाग की तमाम खुफिया एजेंसियों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे और गहन छानबीन की थी। काफी फजीहतों के बाद पुलिस ने मात्र घायल युवक इमरान के खिलाफ विस्फोटक एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।इससे नाराज एसएसपी प्रशांत वर्मा ने हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी और दो सिपाहियों को लाइन हाजिर करते हुए उनके खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी थी। जिसमें इनायतनगर पुलिस तेजी दिखाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि एक आरोपी रहमतुल्ला पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। घटना के मुख्य आरोपी युवक इमरान को पुलिस टीम ने स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा इनायतनगर के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आए। पुलिस टीम ने पकड़े गए युवक इमरान को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी बारून उप निरीक्षक बबलू कुमार व कांस्टेबल शिवम शुक्ला शामिल रहे।

# रोजगार मेले का आयोजन पांच अगस्त को – सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर अयोध्या में 05 अगस्त 2022 को प्रातः 10 बजे से एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा हैं।इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनी ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा०लि०, होली हर्ब्स काम एवं कल्यानी सोलर पावर प्रतिभाग करेंगी। ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा०लि० की शैक्षणिक योग्यता स्नातक पास आयु 20 से 35 वर्ष तक होनी चाहिए। कल्यानी सोलर पावर के लिए शैक्षणिक योग्यता इण्टर पास एवं आयु 18 से 35 वर्ष तक होनी चाहिए।इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन कार्यालय के पोर्टल`मूलवरंद.नच.दपब.पद पर पंजीकरण कराकर रोजगार मेला आई0डी0 6060 पर ऑनलाइन आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ उक्त दिनांक को कार्यालय में उपस्थित हों, इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है।उक्त जानकारी सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन ने दी है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।